पत्रांक–भवन/स्था0–02–विविध–77/2022........7798/(स्था0)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:– वित्त विभाग।

पटना, दिनांक– 4/12/23

विषय:– भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली में पूर्व से गठित स्थानिक अभियंता का कार्यालय, नई दिल्ली तथा उद्यान प्रमंडल, पटना को पुनर्गठित करते हुए गैर योजना मद में कुल **₹1,20,47,076/– (एक करोड़ बीस लाख सैंतालीस हजार छिहत्तर रूपये)** मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर भवन प्रमंडल, नई दिल्ली एवं उद्यान प्रमण्डल, पटना का पुर्नगठन सहित आवश्यक कुल 12 पदों का सृजन।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक–22.11.2023 की बैठक में मद सं0–06 के रूप में भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली में स्थानिक अभियंता का कार्यालय, नई दिल्ली तथा उद्यान प्रमंडल, पटना को पुनर्गठित करते हुए संलग्न विवरणी **(यथा–परिशिष्ट–1)** के अनुरूप गैर योजना मद में कुल **₹1,20,47,076/– (एक करोड़ बीस लाख सैंतालीस हजार छिहत्तर रूपये) मात्र** के अनुमानित वार्षिक व्यय **(यथा–परिशिष्ट–2)** पर अभियंत्रण संवर्ग सहित विभिन्न श्रेणी के कुल 12 पदों का सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. उक्त कार्यालयों के गठन/पुनर्गठन के उपरान्त स्थानिक अभियंता का कार्यालय, नई दिल्ली एवं उद्यान प्रमंडल, पटना का संगठनात्मक स्वरूप/कार्यक्षेत्र **(यथा–परिशिष्ट–3)** के अनुरूप होगा।

3. पुनर्गठन के फलस्वरूप स्थानिक अभियंता का कार्यालय, अब भवन प्रमंडल, नई दिल्ली के रूप में अभिज्ञात होगा।

4. उद्यान प्रमंडल, पटना के पुनर्गठन के पश्चात् निधि का प्रवाह एवं प्रबंधन कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल पटना के द्वारा होगा।

5. कार्यपालक पदाधिकारी (उद्यान) पटना का पद यथावत् रहेगा। कार्यपालक पदाधिकारी (उद्यान) का दायित्व तकनीकी परामर्श देना होगा।

6. नवसृजित स्थानिक अभियंता/कार्यपालक अभियंता को लोक निर्माण संहिता के तहत सभी दायित्व एवं शक्तियाँ प्राप्त होगी।

7. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली का निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्थानिक अभियंता (कार्यपालक अभियंता स्तरीय), बिहार भवन, नई दिल्ली होंगे तथा उद्यान प्रमंडल, पटना का निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना होंगे।

E:/Sanjay Kr. Alok/Old and New Work Folder/DRAFT-SEC-2 UPTO 01-01-2023/GAZZT EST.doc

Scanned with OKEN Scanner

8. उक्त कार्यालय/पदों के स्थापना व्यय का वहन गैर योजना अन्तर्गत मांग सं0–3 निम्नांकित शीर्ष से विकलनीय होगाः–

(i) भवन प्रमंडल, नई दिल्ली

मुख्यशीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–001 –निदेशन और प्रशासन–उपशीर्ष–0004–निष्पादन, विपत्र कोड–03–2059800010004.

(ii) उद्यान प्रमंडल, पटना

मुख्यशीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–001 –निदेशन और प्रशासन–उपशीर्ष–0011–उद्यान स्थापना, विपत्र कोड–03–2059800010011.

बाह्य स्त्रोत/संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त कर्मियों के मानदेय/पारिश्रमिक का भुगतान भवन प्रमंडल, नई दिल्ली के लिए माँग संख्या–3 के अन्तर्गत विपत्र कोड–03–2059800010004 विषयशीर्ष–0004.28.02 संविदा सेवा एवं उद्यान प्रमंडल, पटना के लिए विपत्र कोड–03–2059800010011 विषयशीर्ष–0011.28.02 संविदा सेवा के अन्तर्गत सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जायेगा। उक्त व्यय हेतु अलग से आवश्यक राशि का उपबंध संगत बजट शीर्ष में किया जा सकेगा।

9. इस राज्यादेश के अन्तर्गत राशि की निकासी संबंधित कोषागार से की जायेगी।

अनुरोध है कि संबंधित कार्यालयों हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के पदनाम से प्राधिकार पत्र शीघ्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

01/12/2023

(संजय कुमार सिंह)

सरकार के संयुक्त सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट–1

..न निर्माण विभाग के अधीन भवन प्रमंडल, नई दिल्ली का गठन एवं उद्यान प्रमंडल, पटना के पुनर्गठन के फलस्वरूप प्रस्तावित विभिन्न श्रेणी के पदों के सृजन संबंधी विवरणी:-

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	पूर्व से सृजित पद	सृजन हेतु प्रस्तावित पदों की सं0	कुल पद	आवश्यकता/अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	स्थानिक अभियंता (असैनिक) (कार्यपालक अभियंता स्तरीय पद) (Level-11)	00	01	01	भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद।
2	कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना (Level-11)	00	01	01	कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना
3	सहायक अभियंता (असैनिक)/प्राक्कलन पदाधिकारी (Level-09)	01	02	03	1. प्रमंडल कार्यालय, नई दिल्ली - प्राक्क0पदा0 - 01 पद 2. अवर प्रमंडल, नई दिल्ली - सहा0अभि0 - 01 पद 3. उद्यान प्रमंडल, पटना - सहा0अभि0 - 01 पद
4	सहायक विद्युत अभियंता/(Level-09)	00	01	01	भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद।
5	प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी (Level-08)	00	01	01	भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद
6	कनीय अभियंता (असैनिक)/(Level-07)	01	04	05	1. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली स्थित प्रत्येक प्रशाखा में 01-01 पद - कुल - 02 पद 2. उद्यान प्रमंडल, पटना में न्यायिक भवन के लिए-01 पद 3. केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना के अधीन उद्यान के लिए - 01 पद 4. अन्य भवनों (उद्यान) के लिए - 01 पद
7	कनीय विद्युत अभियंता/(Level-07)	01	00	01	भवन प्रमंडल, नई दिल्ली के अधीन प्रशाखा - 01 पद
8	प्रारूपक/(Level-04) (सहायक-सह-टंकक)	01	00	01	भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद
9	उच्चवर्गीय लिपिक/(Level-04)	00	01	01	भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद
10	निम्नवर्गीय लिपिक/(Level-02)	01	01	02	1. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद 2. अवर प्रमंडल का कार्या0, नई दिल्ली - 01 पद
11	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/(Level-02)	00	03	03	1. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 01 पद 2. अवर प्रमंडल का कार्या0, नई दिल्ली - 01 पद 3. उद्यान प्रमंडल, पटना - 01 पद
12	कार ड्राईवर/(Level-02)	00	03	03	1. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 02 पद 2. उद्यान प्रमंडल, पटना - 01 पद
13	कार्यालय परिचारी/(Level-01)	00	05	05	1. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली - 04 पद 2. अवर प्रमंडल का कार्या0, नई दिल्ली - 01 पद
	कुल पद	05	23	28	

(कुमार रवि)
सरकार के सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner

39

परिशिष्ट–2

भवन निर्माण विभाग के अधीन भवन प्रमंडल, नई दिल्ली का गठन एवं उद्यान प्रमंडल, पटना के पुनर्गठन के फलस्वरूप प्रस्तावित विभिन्न श्रेणी के पदों के सृजन संबंधी व्यय विवरणी:-

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	नवसृजित पदों की संख्या	मूल वेतन	मंहगाई भत्ता (38%)	मकान किराया भत्ता	चिकित्सा भत्ता	परिवहन भत्ता	कुल वेतन प्रतिमाह	वार्षिक वेतन व्यय	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	स्थानिक अभियंता (असैनिक) (कार्यपालक अभियंता स्तरीय पद) (Level-11), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	67700	25726	16248	1000	9936	120610	1447320	
2	कार्यपालक अभियंता (Level-11), उद्यान प्रमंडल, पटना	1	67700	25726	10832	1000	5520	110778	1329336	
3	सहायक अभियंता (असैनिक)/प्राक्कलन पदा0 (Level-09), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	53100	20178	12744	1000	9936	96958	1163496	
4	सहायक अभियंता (असैनिक)//प्राक्कलन पदाधिकारी, (Level-09), उद्यान प्रमंडल, पटना	1	53100	20178	8496	1000	4140	86914	1042968	
5	सहायक विद्युत अभियंता (Level-09) भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	53100	20178	12744	1000	9936	96958	1163496	
6	प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी/(Level-08), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	47600	18088	11424	1000	4968	83080	996960	
7	कनीय अभियंता (असैनिक)/(Level-07), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	44900	17062	10776	1000	4968	78706	944472	
8	कनीय अभियंता (असैनिक) (Level-07), उद्यान प्रमंडल, पटना	3	44900	17062	7184	1000	4140	222858	2674296	
9	उच्चवर्गीय लिपिक (Level-04), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	25500	9690	6120	1000	4968	47278	567336	
10	निम्नवर्गीय लिपिक/(Level-02), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	1	19900	7562	4776	1000	1863	35101	421212	
11	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/(Level-02), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	2	19900	7562	4776	1000	1863	70202	842424	
12	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/(Level-02), उद्यान प्रमंडल, पटना	1	19900	7562	3184	1000	2070	33716	404592	
13	कार ड्राईवर/(Level-02), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	2	19900	7562	4776	1000	1863	70202	842424	
14	कार ड्राईवर/(Level-02), उद्यान प्रमंडल, पटना	1	19900	7562	3184	1000	2070	33716	404592	
15	कार्यालय परिचारी/(Level-01), भवन प्रमंडल, नई दिल्ली	5	18000	6840	4320	1000	1863	160115	1921380	
	कुल योग	23							16166304	

(एक करोड़ इकसठ लाख छियासठ हजार तीन सौ चार रूपये) मात्र

(कुमार रवि)
सरकार के सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner

38

परिशिष्ट–3

भवन निर्माण विभाग के अधीन भवन प्रमंडल, नई दिल्ली का गठन एवं उद्यान प्रमंडल, पटना के पुनर्गठन के फलस्वरूप संगठनात्मक स्वरूप एवं कार्यक्षेत्रः–

1. भवन प्रमंडल, नई दिल्ली

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	पूर्व से सृजित पद	सृजन हेतु प्रस्तावित पदों की सं0	कुल पद	कार्यक्षेत्र	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	स्थानिक अभियंता (असैनिक) (कार्यपालक अभियंता स्तरीय पद) (Level-11)	00	01	01	दक्षिण बिहार अंचल, पटना के अधीन भवन प्रमंडल, नई दिल्ली का कार्यक्षेत्र होगा। कार्यक्षेत्रः– राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली स्थित बिहार भवन, बिहार निवास एवं बिहार सदन के विभिन्न भवनों एवं उसके परिसरों के निर्माण, अनुरक्षण एवं मरम्मति से संबंधित समस्त कार्य। **संबंधित कार्य अवर प्रमंडल एवं अधीनस्थ प्रशाखा:–** **1. अवर प्रमंडल:–**अवर प्रमंडल, नई दिल्ली। कार्यक्षेत्र:– राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली स्थित बिहार भवन, बिहार निवास एवं बिहार सदन के भवनों एवं उसके परिसरों के निर्माण, अनुरक्षण एवं मरम्मति से संबंधित समस्त कार्य। **सहायक अभियंता (विद्युत)/कनीय अभियंता (विद्युत), विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-01, पटना के अधीन होगें।** सहायक अभियंता (विद्युत)/कनीय अभियंता (विद्युत) का **कार्यक्षेत्र:–** भवन प्रमंडल, नई दिल्ली अवस्थित विभिन्न भवनों का विद्युत संबंधी समस्त कार्य। **2. प्रशाखा :–** (क) प्रशाखा-01 - बिहार भवन एवं बिहार निवास का कार्यक्षेत्र। (ख) प्रशाखा-02 - बिहार सदन, नई दिल्ली का कार्यक्षेत्र।	1. डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, कार्यालय परिचारी, एवं कार ड्राईवर के पदों पर आवश्यकता आधारित नियमित नियुक्ति होने तक आऊटसोर्सिंग (बाह्य स्रोत)/संविदा के आधार पर नियोजित की जायेगी। 2. उक्त कार्यालय गठन के फलस्वरूप पूर्व से गठित स्थानिक अभियंता नई दिल्ली का कार्यालय एवं पूर्व से सृजित विभिन्न पद इस रूप में पुनर्गठित/समायोजित समझे जायेंगें।
2	सहायक अभियंता (असैनिक)/ प्राक्कलन पदाधिकारी (Level-09)	01	01	02		
3	सहायक विद्युत अभियंता (Level-09)	00	01	01		
4	प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी/(Level-08)	00	01	01		
5	कनीय अभियंता (असैनिक)/(Level-07)	01	01	02		
6	कनीय विद्युत अभियंता/(Level-07)	01	00	01		
7	प्रारूपक/(Level-04) सहायक-सह-टंकक)	01	00	01		
8	उच्चवर्गीय लिपिक/(Level-04)	00	01	01		
9	निम्नवर्गीय लिपिक/(Level-02)	01	01	02		
10	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/(Level-02)	00	02	02		
12	कार ड्राईवर/(Level-02)	00	02	02		
13	कार्यालय परिचारी/(Level-01)	00	05	05		

37)

2. उद्यान प्रमंडल, पटना

क्र० सं०	पदनाम/वेतनमान	पूर्व से सृजित पद	सृजन हेतु प्रस्तावित पदों की सं०	कुल पद	कार्यक्षेत्र	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना (Level-11)	00	01	01	उद्यान प्रमंडल, पटना का निर्धारित कार्यक्षेत्र कार्यपालक अभियंता का कार्यक्षेत्र माना जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता के अधीनस्थ कार्य करेंगें।	
2	सहायक अभियंता (असैनिक)/ प्राक्कलन पदाधिकारी (Level-09)	00	01	01	उद्यान प्रमंडल, पटना के अधीन प्रमंडल के कार्यों के विरुद्ध प्राक्कलन, निविदा, एवं अन्य तकनीकी कार्य जो कार्यपालक अभियंत, उद्यान प्रमंडल, पटना के द्वारा सौपे जायेगें।	
3	कनीय अभियंता (असैनिक)/(Level-07)	00	03	03	1. कनीय अभियंता-01 के अधीन उद्यान से संबंधित न्यायिक भवनों का कार्यक्षेत्र होगा। 2. कनीय अभियंता-02 का कार्यक्षेत्र केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना के अधीन अवस्थित भवनों का उद्यान से संबंतिध कार्यक्षेत्र होगा। 3. कनीय अभियंता-03 का कार्यक्षेत्र उक्त भवनों के अतिरिक्त अन्य भवनों में उद्यान संबंधी कार्यक्षेत्र।	
4	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/(Level-02)	00	01	01		डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं कार ड्राईवर के पदों पर आवश्यकता आधारित नियमित नियुक्ति होने तक आऊटसोर्सिंग (बाह्य स्त्रोत)/ संविदा के आधार पर नियोजन किया जायेगा।
5	कार ड्राईवर/(Level-02)	00	01	01		

(कुमार रवि)
सरकार के सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner

भवन निर्माण विभाग

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापांक–9054 दिनांक–06.11.2023 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–22.11.2023 में मद संख्या–06 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

6.	भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली में पूर्व से गठित स्थानिक अभियंता का कार्यालय, नई दिल्ली तथा उद्यान प्रमंडल, पटना को पुनर्गठित करते हुए गैर योजना मद में कुल ₹1,20,47,076/–(एक करोड़ बीस लाख सैंतालीस हजार छिहत्तर रूपये) मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर भवन प्रमंडल, नई दिल्ली का गठन एवं उद्यान प्रमंडल, पटना का पुर्नगठन सहित आवश्यक कुल 12 पदों का सृजन के संबंध में।	6.	स्वीकृत।

(निशीथ वर्मा)
सरकार के अपर सचिव।
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

कुमार राय
23/11/2023
संजय कुमार सिंह

प० पदा० रा०

23.11.23

Scanned with OKEN Scanner